प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान का सिलसिला जारी : अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे प्रयागराज : संगम क्षेत्र में साधु–संतों से करेंगे मुलाकात।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रदान किये राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 : प्रदेश के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार समेत 4 को मिला खेल रत्न और राज्य के पांच खिलाड़ी अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित।

और

4. उत्तर प्रदेश इनोवेशन स्टेट कटेगिरी में पीएम अवॉर्ड से होगा सम्मानित : जल जीवन मिशन में सोलर पावर के अभिनव प्रयोग के लिये मिलेगा सम्मान।

———————

प्रयागराज महाकुम्भ में बड़ी संख्या में साधु–संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का संगम में पवित्र स्नान का सिलसिला जारी है। महाकुंभ के पांचवें दिन आज शाम छह बजे तक 29 लाख से ज्यादा लोगों ने संगम में स्नान किया। आम लोगों के साथ वीवीआईपी भी लगातार महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल

दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचेंगे। रक्षामंत्री दोपहर करीब साढ 12 बजे मेला सर्किट हाउस पहुंचेंगे और फिर संगम जायेंगे। 11 जनवरी से शुरू हुए संगम स्नान के दौरान अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं। इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में सरकार ने अब अपना ध्यान 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर केंद्रित कर दिया है। पेश है एक रिपार्ट......

*मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगमनगरी पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रयागराज कमिश्नरेट और मेला क्षेत्र को नो–व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। यह प्रतिबंध 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से दो दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेगा। शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की आवाजाहीपर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रयागराज के सीमावर्ती जिलों से आने वाले वाहनों के मार्गोमें भी परिवर्तन किया जाएगा। इसके अलावा, प्रयागराज में 102 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जहां पर लगभग 5 लाख 50 हजार वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। नई सड़कों और 8 नए पान्टून पुलों के निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार किया गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

29 जनवरी को मौनी अमावस्या के पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर रेलवे भी तैयारियों में जुटा हुआ है। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने आज बताया कि डेढ़ सौ से अधिक स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढाई जा सकती है।

———————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार ने विशेष व्यवस्था की है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में 100 बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है। पेश है एक रिपोर्ट......

*महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ सरकार ने चिकित्सा सुविधाओं को भी उच्च प्राथमिकता दी है। केंद्रीय अस्पताल के अलावा, संक्रामक रोगों के प्रबंधन के लिए मेला क्षेत्र में दो समर्पित अस्पताल भी स्थापित किए गए हैं, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित की जा सके। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में केन्द्रीय अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि अस्पताल में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग–अलग वार्ड हैं साथ ही आईसीयू और आपातकालीन सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। ये सौ बेड का केन्द्रीय चिकित्सालय है, इसमें 45 बेड पुरुषों के लिए, 40 बेड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, पांच बेड का हमारा पिडियाट्रिकवॉर्ड है बच्चों के लिए, दसबेड का आईसीयू है। लेबर रूम, माइनर और मेजर ओटी की फैसिलिटी है हमारे पास। इसके अलावा हमारे पा डिफ्रेंट कैटिगीरी के स्पेशलिस्ट हैं और इसमें पीडियाट्रिशन है, गायनोक्लॉजिस्ट हैं, ऑर्थोपेडिशन्स हैं, अच्छे फिजिशियन्स हैं। मेला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 20–20 बेड की क्षमता वाले आठ छोटे अस्पताल भी संचालित हैं। अस्पतालों में दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

————————

केंद्रीय न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने आज बरेली पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता से कुंभ

में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने कुंभ के लिए बहुत बेहतर व्यवस्थाएं की हैं ।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार समेत पैरिस ओलम्पिक की डबल मेडलिस्ट मनु भाकर, वर्ल्ड चेस चैम्पियन डी. गुकेश और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया। इसक अलावा प्रदेश के ऐथलीट अन्नूरानी, पैरा एथलीट प्रीतिपाल, अजीत सिंह, सिमरन और शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल समेत देश के 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया गया। एथलीट प्रवीण कुमार ने कहा कि इस अवॉर्ड से सम्मानित होकर उन्हें बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है। बाइट......

*ये मुझे मोटीवेट कर रहा है। अपने गोल्ड की तरह दुगुनी पावर से भागूंगा जे हमने एक दो स्पेल पहले सोचा था कि मैं इस पेरिस ओलम्पिक में मेडल लूंगा तब हमें खेल रत्न मिलेगा तो वो टारगेट हमने पहले बना लिये थे। क्योंकि एचीव करने के बाद जब होता है अब हो गया अब थोड़ा टाइम रिलेक्स करूंगा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले इन सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन के आखरी दिन आज़ाद समाज पार्टी के सूरज चौधरी ने पर्चा दाखिल किया। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान, सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और मौलिक अधिकार पार्टी के रामनरेश चौधरी समेत कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं। नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी को की जाएगी। एसएसपी राज करण नैय्यर ने बताया कि 20 जनवरी के बाद पूरे मिल्कीपुर क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज की जाएगी। बाइट.......

*जो भी हमारे महत्वपूर्ण प्वाइंट है उन सब पर पुलिस की ड्यूटी लगा करके सुनिश्चित किया जा रहा है कि सुगमता पूर्ण और निशपक्षतापूर्ण तरीके से जो हमारे आगामी चुनावी प्रक्रिया है उसको सम्पन्न कराये हमारे कार्यालय में सोशल मीडिया सेल है जोकि लगातार सोशल मीडिया पर क्या–क्या पोस्ट हो रही है उसको आगामी चुनाव व किसी मतदाता को प्रभावित करने के संबंध में यदि किसी के द्वारा कोई भी पोस्ट की जायेगी तो उसके संबंध में जो भी आवश्यक विविध कार्यवाही है उसको अमल में लाया जायेगा। इसके*

*अतिरिक्त हमारी एरिया डोमिनेशन कॉन्फिडेंस विल्डिंग मेजर्स है 20 तारीख के बाद से पैरा मिलिट्री फोर्स को लेकर हमारे द्वारा एरिया डोमिनेशन एक्सरसाइज मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में की जायेगी।*

———————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी—एनटीए न नीट यूजी दो हजार पच्चीस को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का निर्णय लिया है। एनटीए के एक अन्य निर्णय के अनुसार इस बार नीट यूजी का आयोजन पेन पेपर के पुराने तरीके से ओएमआर शीट पर होगा। एनटीए के अनुसार परीक्षा मई में कराई जा सकती है। नीट यूजी दो हजार पच्चीस की मेरिट से एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस के अलावा चार वर्षीय बीएससी डिग्री के लिए सीट आवंटित होगी।

———————

उत्तर प्रदेश को विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से लागू करने और जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग के लिए इनोवेशन स्टेट कटेगिरी में प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जल जीवन मिशन में सोलर पावर के अभिनव प्रयोग के लिए प्रदान किया जाएगा। वहीं बहराइच की ज़िलाधिकारी मोनिका रानी को जिले के समग्र विकास के लिए प्राइम

**मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 प्रदान किया जाएगा। अप्रैल में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। पेश है एक रिपार्ट.....**

*जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में सौर ऊर्जा आधारित भूजल की लगभग 33 हज़ार योजनाएं संचालित हैं। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण से हर साल लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। वहीं अगले 30 वर्षों में 390 लाख कार्बन क्रेडिट अर्जित किया जा सकेगा। राज्य सरकार के इस इनोवेशन को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है। अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को यह पुरस्कार इनोवेशन स्टेट कैटेगरी में प्रदान किया जाएगा। वहीं बहराइच की ज़िलाधिकारी मोनिका रानी को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 प्रदान किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

(समाप्त)